एचपीवी वैक्सीन

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (SII) द्वारा विकसित एक वैक्सीन Cervavac ने हाल ही में **ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DGCI)** से बाज़ार प्राधिकार प्राप्त किया है।

- यह भारत का पहला क्वाड्रिवेलेंट ह्यूमन पैपिलोमावायरस वैक्सीन (qHPV) है जिसे महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

ग्रीवा कैंसर (Cervical Cancer):

- सर्वाइकल कैंसर एक प्रचलित यौन संचारित संक्रमण है।
- यह एक प्रकार का कैंसर है जो गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं में होता है, यह गर्भाशय के निचले हिस्से में होता है जो योनि से जुड़ता है।
- यह ज़्यादातर HPV के विशेष रूपों के साथ दीर्घकालिक संक्रमण के कारण होता है।
- यह दूसरा सबसे प्रचलित कैंसर रूप है और प्रजनन आयु (15-44) की महिलाओं में कैंसर से होने वाली मौतों का दूसरा प्रमुख कारण है।
- **भारतीय परिप्रेक्ष्य:**
  - विश्व स्वास्थ्य संगठन की इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर के अनुसार, भारत 1.23 लाख मामलों के साथ विश्व में पाँचवें स्थान पर है और प्रत्येक वर्ष लगभग 67,000 मौतें होती हैं।

नई वैक्सीन का महत्त्व:

- यह हेपेटाइटिस- बी टीके के समान वायरस-लाइक पार्टिकल्स (VLP) पर आधारित है और HPV वायरस 'L1 प्रोटीन के खिलाफ एंटीबॉडी का उत्पादन करके सुरक्षा प्रदान करता है।
  - इसे वायरस के चार स्ट्रेन- टाइप 6, टाइप 11, टाइप 16 और टाइप 18 के खिलाफ प्रभावी बताया गया है।
  - एक चतु:संयोजक वैक्सीन एक टीका है जो चार अलग-अलग एंटीजन जैसे चार भिन्न-भिन्न वायरस या अन्य सूक्ष्मजीवों के खिलाफ प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को उत्तेजित करके काम करती है।
  - इसमें सर्वाइकल कैंसर को खत्म करने की एक महत्त्वपूर्ण क्षमता है और यदि इसे राष्ट्रीय HPV टीकाकरण प्रयासों में शामिल किया जाए और मौजूदा टीकाकरण की तुलना में कम कीमत पर पेश किया जाए तो यह मददगार साबित होगी।
  - विश्व स्तर पर लाइसेंस प्राप्त मौजूदा दो टीके भारत में एक चतु:संयोजक वैक्सीन (मर्क से गार्डासिल) और एक द्विसंयोजक वैक्सीन (ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन से सर्वारिक्स) उपलब्ध हैं और महंगे हैं और उनमें से कोई भी **राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम** में शामिल नहीं है।
- DGCI की मंज़ूरी के बाद यह सरकार को 9 से 14 वर्ष की आयु की लगभग 50 मिलियन लड़कियों का टीकाकरण करने के लिये थोक में टीके खरीदने में सक्षम बनाएगा।
- टीका केवल तभी प्रभावी होता है जब इसे प्रथम संभोग से पहले लगाया जाता है।

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्षों के प्रश्न:

प्रश्न. भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया 'मिशन इंद्रधनुष' किससे संबंधित है? (2016)

(a) बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण
(b) देश भर में स्मार्ट शहरों का निर्माण
(c) बाहरी अंतरिक्ष में पृथ्वी जैसे ग्रहों के लिये भारत की अपनी खोज
(d) नई शैक्षिक नीति

उत्तर: (a)

व्याख्या:

- मिशन इंद्रधनुष 25 दिसंबर, 2014 को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक टीकाकरण योजना है।

- इंद्रधनुष के सात रंगों को दर्शाते हुए इसका उद्देश्य वर्ष 2020 तक उन सभी बच्चों को कवर करना है जो या तो बिना टीकाकरण के हैं या आंशिक रूप से सात वैक्सीन रोकथाम योग्य बीमारियों के खिलाफ टीके लगाए गए हैं, जिनमें डिप्थीरिया, काली खाँसी, टेटनस, पोलियो, तपेदिक, खसरा और हेपेटाइटिस बी शामिल हैं।
- मिशन तकनीकी रूप से WHO, यूनिसेफ, रोटरी इंटरनेशनल और अन्य दाता भागीदारों द्वारा समर्थित है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hpv-vaccine-2